हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 20 अक्टूबर 2025



04 निर्धारित समय सीमा में कराएं लोगों की शिकायतों ...

07 सरकार ने भुलाया, निजी चिकित्सकों ने एक दिन ...








**खबर संक्षेप**

### आज विराजमान होंगी माता लक्ष्मी, 11 दिनों तक चलेगा उत्सव

**सागर।** सागर शहर में विगत वर्षों से सार्वजनिक महालक्ष्मी महोत्सव समिति द्वारा दीपावली से लेकर एकादशी तक माता लक्ष्मी की स्थापना की जाती है। यह परंपरा पिछले कई वर्षों से चली आ रही है जिसको लेकर फाइनल तैयारियों को समिति के संरक्षक भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केसरवानी की उपस्थिति में बैठक हुई। प्रतिवर्ष अनुसार आज दीपावली के दिन से माता रानी की स्थापना होगी और एकादशी के दूसरे दिन माता लक्ष्मी का चल समारोह निकलेगा। इसके साथ ही 25 अक्टूबर को गाजे बाजे ढोल धमाको के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी और शिवपुराण कथा का आयोजन गृहस्थ संत पंडित श्री केशव महाराज के श्रीमुख से सुनाई जावेगी अंतिम दिवस में विश्व शांति हेतु हवन किया जाएगा। समिति के सदस्यों का मानना है कि पिछले 55 वर्षों से लेकर आज तक माता रानी की स्थापना करते आ रहे हैं। अब यह हमारी परंपरा बन चुकी है। इस अवसर पर रानू यादव, शुभम रैकवार, अंशु यादव, दीपक पटेल, चंद्रहास आठिया, चंदू रैकवार, प्रकाश पटेल, आदित्य मिश्रा मौजूद रहे।

**डेयरी परियोजना स्थल हफसिली का निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए**

# पशुमेला क्षेत्र में 101 फ़ीट लम्बे और 11 फ़ीट ऊंचे विशाल गोवर्धन पर्वत बनाकर हर्षोल्लास से की जाएगी विशेष अन्नकूट पूजनः निगमायुक्त

### 101 फ़ीट लम्बे और 11 फ़ीट ऊंचे विशाल गोवर्धन पर्वत, लोकनृत्य, आतिशबाजी आदि होंगे इस विशेष अन्नकूट पूजन में आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




सागर के हफसिली में स्थित डेयरी विस्थापन परियोजना स्थल के पशुमेला क्षेत्र में 22 अक्टूबर दिन बुधवार को गोवर्धन अन्नकूट पूजन उत्सव बड़े स्तर पर हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जायेगा। इस आयोजन के लिए समुचित आवश्यक व्यवस्थाएं निगम कर्मी और सागर डेयरी संचालक संघ सयुक्त रूप से सुनिश्चित कर तैयारियां पूर्ण करें। उक्त निर्देश निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने डेयरी परियोजना स्थल हफसिली के निरीक्षण के दौरान डेयरी संचालकों से संवाद कर दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान हफसिली में निर्मित डेयरी शेड्स में बंधे पशुओं को देखा और डेयरी संचालन हेतु यहां उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं पानी की व्यवस्था, बिजली व्यवस्था आदि की जानकारी ली उन्होंने डेयरी संचालकों की सहूलियत व सहयोग हेतु सभी आवश्यक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश निगमकार्मियों को देते हुए कहा की शहर से प्रत्येक डेयरी का बाहर होना डेयरी संचालकों, नागरिकों और शहर के हित में है। उन्होंने कहा की सागर पूरी तरह पशु विचरण मुक्त होने से सुंदर, स्वच्छ और पशुओं से सुरक्षित शहरों में अग्रणी बनेगा। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने डेयरी विस्थापन परियोजना स्थल पर सभी डेयरी संचालकों के साथ मिलकर नवाचार करते हुए गोवर्धन अन्नकूट पूजन का विशेष आयोजन यहां के पशुमेला क्षेत्र में करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा की उत्सव त्यौहार सभी में खुशियों के साथ नव ऊर्जा का संचार करते हैं और यह खास आयोजन यहां के डेयरी संचालकों के साथ ही स्थानीय रहवासियों में हर्षोल्लास के साथ नई उमंग और ऊर्जा का संचार करेगा।

निगमायुक्त ने कहा की 22 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से डेयरी विस्थापन परियोजना स्थल हफसिली के पशुमेला क्षेत्र में गोवर्धन अन्नकूट पूजन का भव्य आयोजन किया जायेगा। इस पूजन के लिए कई ट्रॉली गोबर एकत्र कर लगभग 101 फ़ीट लम्बाई और 11 फ़ीट ऊंचाई के गोवर्धन पर्वत का निर्माण किया जा रहा है। अन्नकूट पूजा के लिए बनाया जा रहा यह गोवर्धन पर्वत मध्यप्रदेश में लगभग सबसे बड़ा गोवर्धन पर्वत होगा। इस आयोजन के दौरान स्थानीय लोक नृत्य बधाई और बरेदी की मनमोहक प्रस्तुति के साथ रंग बिरंगी आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र होगी। पूजन में छप्पन भोग लगाकर प्रसादी वितरित की जायेगी। निगमायुक्त ने सभी नागरिकों से इस सांस्कृतिक आयोजन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा की कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन गोवर्धन पूजा का त्योहार मनाया जाता है। यह दिवाली उत्सव का प्रमुख दिन माना जाता है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर धारण किया था। धार्मिक मान्यता अनुसार गोवर्धन पर्वत के साथ भगवान श्रीकृष्ण और गायों की भी पूजा की जाती है। श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाते समय गोबर का महत्व समझाते हुए बतलाया की यह प्रकृति और जीवन का एक अभिन्न अंग है, गोबर को 'गो-धन' का प्रतीक माना जाता है और यह पर्यावरण के लिए भी बहुत उपयोगी है। गोबर का उपयोग जैविक खाद और अन्य प्राकृतिक उत्पाद बनाने में किया जाता है। इसके साथ ही स्थानीय उत्पाद को महत्व देने का भी यह बड़ा प्रयास माना जा सकता है। जहाँ भगवान श्रीकृष्ण द्वारा स्वर्ग के देवताओं की जगह स्थानीय गौ और गोवर्धन पर्वत की पूजा को महत्त्व दिया गया। गोबर से निर्मित गोवर्धन पर्वत की पूजा पर्यावरण के हर छोटे से छोटे हिस्से पर्वत, पेड़ और पशु आदि का सम्मान करने का संदेश देती है।



### मंत्री गोविन्द राजपूत ने दिवाली मिलन समारोह में पत्रकारों के साथ लिया स्वदेशी व्यंजनों का आनंद

**सागर।** दीपावली के पावन अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने होटल रॉयल पैलेस में पत्रकारों का दिवाली मिलन समारोह आयोजन किया। जिसमें जिलेभर से पत्रकार बंधु शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री राजपूत ने पत्रकारों के साथ स्वदेशी व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि पत्रकार समाज के चैथे स्तंभ हैं और सच्चाई को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं पत्रकारों के बिना समाज में पारदर्शिता और जवाब देही की कल्पना नहीं की जा सकती। पत्रकार न केवल सच्चाई को उजागर करते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता भी लाते हैं। मंत्री राजपूत ने इस अवसर पर सभी पत्रकार बंधुओं से कहा कि स्वदेशी अपनाएं और स्वदेशी व्यंजन खायें ताकि आप सेहतमंद रहें। क्योंकि पीजा, बर्गर, मोमोज, चाउमिन सेहत के लिए अच्छे नहीं है। सेहतमंद रहना है तो स्वदेशी व्यंजनों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्य मंत्री डॉ.मोहन यादव स्वदेशी अपनाने की अपील की है जिसके अनेकों फायदे हैं। मंत्री राजपूत द्वारा आयोजित पत्रकार दीपावली मिलन समारोह में स्वदेशी व्यंजनों से पत्रकारों से कड़ी, चावल, दाल बाफले, भर्ता सहित अनेक स्वदेशी व्यंजनों से पत्रकारों का स्वागत किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने अपने चित परिचित अंदाज में दीवारी गीत गाकर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। वही आकाश सिंह राजपूत ने सभी पत्रकारों का स्वागत एवं अभिवादन करते हुए कहा कि पत्रकार का जीवन एक तपस्या है जो छोटी-छोटी खबरों के लिए दिन रात मेहनत करते हैं ताकि लोगों सही जानकारी व खबर पहुंच सके ऐसे सभी पत्रकार बंधुओं से ही लोकतंत्र मजबूत हुआ है। सभी पत्रकारों ने मंत्री राजपूत को दीपावली की शुभकामनाएं दी ।




















## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से पुस्तक व्यापारी की मौत

**ललितपुर।** ललितपुर में ट्रेन की चपेट में आने से एक किताब व्यापारी की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब व्यापारी अपनी बेटी को लेने रेलवे स्टेशन गया था। सूचना मिलने पर जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली सदर अंतर्गत मोहल्ला गांधीनगर निवासी 48 वर्षीय अमित गुप्ता, पुत्र ओम प्रकाश गुप्ता, शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे रेलवे स्टेशन गए थे। उनकी बेटी भोपाल से ट्रेन से आ रही थी। अमित प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर जाने के लिए रेल पटरी पार कर रहे थे, तभी झांसी से भोपाल की ओर जा रही राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचित किया। मृतक अमित गुप्ता चार भाइयों में दूसरे नंबर के थे। उनके परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। वह एक बुक सेलर थे और घंटाघर के पास उनकी 'नवीन बुक डिपो' नाम की दुकान थी। मृतक के बड़े भाई ने बताया कि अमित अपनी बेटी को लेने रेलवे स्टेशन गए थे। अमित की स्टेशन पर मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी ट्रेन से उतरकर घर पहुंच गई थी। परिजनों को दुर्घटना का पता कुछ देर बाद चला।

### रास्ते में रोककर धमकाते हुए मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला वसुन्धरा कालोनी चांदमारी निवासी सुमित लिटौरिया पुत्र स्व.रामेश्वर प्रसाद लिटौरिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शुक्रवार को शाम करीब साढ़े पांच बजे में शिव मंदिर के आगे ढिमरयाना मोहल्ले के पास था, तभी बरया भवन के पास नई बस्ती निवासी आशीष सराफ व मनीष सराफ अपने दो अज्ञात लोगों के साथ आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### फर्जी पर्ची बनाकर खाद ले जाते तीन को पकड़ा

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र में फर्जी पर्ची बनाकर खाद की बोरियां चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। शुक्रवार रात रामनगर स्थित एक खाद गोदाम से चोरी करते समय उन्हें रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से एक टैक्सी भी जब्त की है। यह कार्रवाई खाद व्यापारी अनिल जैन डोंगरा की शिकायत पर की गई। डोंगरा मोहल्ला इलाईट के पीछे निवासी हैं और उनका गोदाम एआरटीओ मार्ग के निकट नहर के पास है। व्यापारी ने बताया कि कई दिनों से उनके मुनीम के नाम की फर्जी पर्चियां बनाकर गोदाम से खाद की बोरियां चोरी की जा रही थीं। शुक्रवार रात जब युवक फर्जी पर्ची का उपयोग कर खाद की बोरियां ले जा रहे थे, तभी दुकानदार ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया। उनसे पूछताछ जारी है। कोतवाली सदर प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि अभी दुकानदार ने कोई तहरीर नहीं दी है, तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### दीपावली को लेकर खाद्य विक्रय संस्थानों का निरीक्षण किया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए है कि दीपावली के पावन पर्व के दौरान खाद्य पदार्थो के विक्रय में किसी भी प्रकार की कोताही ना हो। खासकर अमानक स्तर के खाद्य पदार्थो का विक्रय ना हो इसके लिए कार्य क्षेत्रों में सतत निगरानी व औचक निरीक्षण के प्रक्रिया सतत क्रियान्वित रखें। विदिशा तहसीलदार प्रीति पंथी ने बताया कि एसडीएम क्षितिज शर्मा के मार्गदर्शन में आज राजस्व विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारियों की गठित टीमो के द्वारा निरीक्षण किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से बीकानेर स्वीटस माधवगंज में बिना एक्सपायरी डेट अंकित किए गए पैकिंग सामग्री विक्रय पर नापतौल विभाग के साथ जब्ती की कार्यवाही की गई।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम व एसपी ने सुनी जनशिकायतें

# निर्धारित समय सीमा में कराएं लोगों की शिकायतों का समाधान : डीएम

**कई शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्धारित की समय सीमा**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनता की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के लिए आज शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्री अमनदीप डुली व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने तहसील में आये फरियादियों की शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण भी कराया।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता को अपने समक्ष बुलाकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्या सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा। इस दौरान कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया गया और शेष बची शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को पृष्ठांकित करते हुए निस्तारण की समयसीमा निर्धारित की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय में होना चाहिए, इसके लिए अधिकारी स्वयं शिकायतों का संज्ञान लेकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए अवगत करायें।

#### संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतें

तहसील तालबेहट में कुल 87 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 28, विकास के 07, पुलिस के 20, पूर्ति के 16, विद्युत का 01, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य विभागों के 13 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 12 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में कुल 08 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 03, पुलिस विभाग के 02, विद्युत का 01 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील महरौनी में कुल 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 05, पुलिस के 02, चकबंदी के 02, नगर पंचायत का 01, विद्युत के 02 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील पाली में कुल 22 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 07, पुलिस के 07, चकबंदी के 06 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 17 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 12, पुलिस के 03, विद्युत के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी गौतम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बस ऑपरेटरों के साथ बैठक

## त्योहारों के मद्देनजर बस में निर्धारित सवारियां ही बैठाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आगामी त्योहार दीपावली, गोवर्द्धन पूजा व भैयादूज तथा छटपूजा के दृष्टिगत सुगम और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद ललितपुर के बस आपरेटर्स के साथ एआरटीओ कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गयी।

बैठक में प्रतिभागी बस आपरेटर्स को निर्देश दिये गये कि बस में यात्रा करने वाले किसी भी यात्री से किसी भी तरह का दुर्व्यहार न किया जाये, बस में यात्रा करने वाले किसी भी यात्री से निर्धारित किराये से अधिक किराये की वसूली किसी भी परिस्थिति में न की जाये, निजी बस यूनियन से चालित सभी बसों की समुचित साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, बस चालक/परिचालक द्वारा किसी भी प्रकार का मादक दृव्य (शराब आदि) पीकर वाहन का संचालन किसी भी दशा में न किया/कराया जाए, बस चालक द्वारा निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में बस का संचालन कदापि न किया जाए, बस चालक/परिचालक द्वारा किसी भी परिस्थिति में बसों की छतों पर सवारियों को न बैठाया जाए, बस चालक/परिचालक का स्वास्थ्य परीक्षण निजी बस स्वामियों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में दुरूस्त (फिट) चालक/परिचालक से ही बसों का संचालन कराया जाए, बसों में सुरक्षित/सुगम यात्रा के दृष्टिगत निर्धारित सीटिंग क्षमता से अधिक सवारियों का परिवहन न किया जाए, बिना वैध प्रपत्र के वाहन का संचालन कदापि न किया जाए, वाहन संचालन के समय सुरक्षा मानकों का अनुपालन किया जाए, यातायात नियमों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए आदि शामिल रहे। प्रकरण जनमानस की सुरक्षा से सम्बन्धित है। अतः उपरोक्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

### जिला पंचायत की सामान्य बैठक 24 को

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में जिपं की सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 24 अक्टूबर की दोपहर एक बजे से जिला पंचायत के सभागार कक्ष में आयोजित की गई है। एजेंडा बिन्दुओं पर आधारित विभागीय जानकारियां 22 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे तक कक्ष क्रमांक 28 में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## युवक व युवतियों के लिए रोजगार मेले का 29 को सुबह 10:30 बजे से आयोजन किया जाएगा

**पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय में एक दिवसीय आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय पनारी द्वारा आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर । जनपद ललितपुर के समस्त युवक एवं युवतियों/अभ्यर्थियो के लिए रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है इस वृहद रोजगार मेले का आयोजन 29 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा है।

वृहद रोजगार मेले में 1 आर्केटिक इंडस्ट्रीज वाराणसी में एकाउन्टेन्ट कम्प्यूटर ऑपरेटर फुल ऑफिस एक्सक्यूटिव पद हेतु 175 रिक्तियां 2-हेडलाइन डिजीटल फ्यूचर कन्ट्रोल इण्डिया प्रालि में बीपीओ टेलीकॉलर ऑफिस असिस्टेंट पद हेतु 30 रिक्तियां 3-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 4 जेपीवीएमजीएमकेटी प्रालि में सुपरवाईजर, स्टोरकीपर, डाटा एन्ट्री पद हेतु 39 रिक्तियां 5-हंसवाहिनी एम्प्लाइमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में ऑफिस मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव पद हेतु 65 रिक्तियां 7-आर० के० इलैक्ट्रॉनिक्स में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु 140 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियों भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमें शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियों रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है। यदि अभ्यर्थियों से कोई भी रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसे फोनकॉल को सत्य मानकर पैसे ऑनलाइन या ऑफलाइन डिपोजिट न करें तथा ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय संपर्क करें।

सीओ सिटी के नेतृत्व में लौटाए गए फोन

## खोए मोबाइल धनतेरस पर पाकर खुश हुए लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली की साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा कोतवाली ललितपुर क्षेत्रान्तर्गत गिरे/ खोये हुए मोबाइल के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे, जिसके सम्बन्ध में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। कोतवाली ललितपुर की साइबर सेल पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर आवेदके प्रपत्रों को अपलोड करके, मोबाइल के आईएमईआई नम्बरों को रन कराया गया। विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त तकनीकी डेटा का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 21 अदद गिरे हुए / खोये हुए मोबाइलों को विभिन्न राज्यों व उ.प्र. के अलग-अलग जिलों से बरामद कर उनके स्वामी को नियमानुसार सुपुर्द किया गया। पीड़ित के मोबाइल फोन उन्हें वापस मिलने पर उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक, कोतवाली ललितपुर पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। मोबाइल फोन बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, साइबर सेल से कां.लोकेन्द्र सिंह व कां.संदीप शामिल रहे।

**खाद्य सुरक्षा विभाग ने की शहर भर में छापेमारी**

## दीपावली को ध्यान में रखते मिष्ठान दुकानों से लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुये जिला प्रशासन मिलावटखोरों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही कर रहा है। इसी क्रम में आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश व जिलाधिकारी अमनदीप डुली के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शहर भर में छापेमारी की गयी। विभागीय टीम ने शहर क्षेत्र के सुभाषपुरा स्थित अपना स्वीट्स नामक प्रतिष्ठान से छैना का नमूना संग्रहित किया गया। दूसरी टीम द्वारा मेसर्स बालाजी मिष्ठान से बर्फी का नमूना संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजा गया। प्रथम टीम में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नागेंद्र कुमार एवं एस.एस.निरंजन तथा द्वितीय टीम में मुख्या खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानंद राय उपस्थित रहे।



## सुरक्षित दीपावली मनाए जाने के लिए जिलाधिकारी ने दिशा निर्देश जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी अमनदीप डुली के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वि.रा. अंकुर श्रीवास्तव ने सुरक्षित दीपावली मनाए जाने हेतु अग्नि सुरक्षा के उपाय के दृष्टिगत दिशा निर्देश करते हुए बताया है कि हमेशा पटाखे खुली जगह में फोडन्ना चाहिए। यह ध्यान रखें कि आस-पास कोई ज्वलनशील चीज नहीं होना चाहिए। दिया, मोमबत्ती सुरक्षित स्थान पर ही सजाएं। बिजली की झालर आदि से बिजली के बोर्ड पर अत्यधिक भार न दें, शार्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना से विशेष रूप से सतर्क रहे, तेज आवाज वाले पटाखे स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, आश्रम आदि के पास न छुड़ाएं यह ध्वनि प्रदूषण के साथ आपके एवं दूसरों के कानों को नुकसान पहुंचा सकते हैं तथा दिल के मरीजों को अत्यधिक नुकसान की संभावना रहती है।

अपने घर में पटाखे चलाते समय अग्नि दुर्घटना से तुरंत निपटने के लिए 2 बाल्टी पानी व बालू भर कर रखें। पटाखे हमेशा लाइसेन्स विक्रेता से खरीदें। पटाखे फोड़ते समय बच्चों का ध्यान रखें। आतिशबाजी करते समय जूते पहने रहे। पटाखा फोडन्ने के बाद हाथों को साफ, धोएँ, अगर शोर ज्यादा हो रहा हो तो कानों में कॉटन लगाएं। इमरजेंसी के लिए बाल्टी भर पानी पास में रखें, आग लाग्ने पर फायर ब्रिगेड को कॉल करें। जानवरों के उपर एवं वाहनों के आस-पास पटाखे न जलाए। अगर सांस लेने की समस्या है, तो घर के अंदर ही रहे। इसके अलावा कभी बिजली के खंभों और इलैक्ट्रिक तारों के पास पटाखे नाही जलाएं। सिल्क और सिंथेटिक कपड़े नाही पहने, इसमे आग जल्द लगती है। अगर पटाखों को फटने में समय लग रहा है, तो उसके पास ना जाएं। इसे बुझाने के लिए पानी डालें। अधूरे पटाखों के पास ना जाए। अगर कोई जल जाएँ, तो खुद इलाज न करें। तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। सैनीटाईजर को पटाखों और आग से दूर रखें। पटाखे जलाते समय माचिस, मोमबत्ती एवं दीपक को पास नहीं रखना चाहिए। जानवरों को परेशान नहीं करें। दीवाली के दिन किसी प्रकार का नशा नही करें। आओ मिलकर सुरक्षा के दीप जलाएं, फायर स्टेशन 101 व 112 आपदा हेल्पलाइन नं. 1077 का सहयोग लें।

महिला की तहरीर पर एफआईआर

## ढाबा संचालक पर मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** ढाबा पर आने वाले लोगों को घर की ओर खड़े होकर बाथरूम कराने से मना करने पर ढ़ाबा संचालक समेत कई दबंगों पर एकराय होकर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। इस सम्बन्ध में महिला ने पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम महेशपुरा निवासी सरोज राजपूत पत्नी रामदयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के सामने एक ढ़ाबा है, जिसका नाम तेज पत्ता बुन्देलखण्ड ढ़ाबा है कि ढ़ाबा पर खाना खाने आने वाले व्यक्ति हमारे दरबाजे के सामने आये दिन गाड़ियां रखते हैं। आरोप है कि ढ़ाबा संचालक ग्राहकों को उनके घर की ओर ही बाथरूम कराते हैं, जिससे घर में रहने वाले लोगों को परेशानियां होती हैं। महिला ने बताया कि 15 अक्टूबर को जब उनके पुत्र मनीष राजपूत ने मना करते हुये उलाहना दिया तो ढ़ाबा मालिक अमर प्रताप सिंह, विक्रम पटेल, गौरव पटेल ने अपने अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उनके पुत्र को गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

मिशन शक्ति 5.0 में जागरूकता अभियान चलाया

## महिला सशक्तीकरण वह प्रक्रिया जो महिलाओं को समाज, परिवार और कार्यस्थल में चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनाती: सुडेले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत केपीएस पीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में राष्ट्रीय सेवायोजना के अन्तर्गत मिशन शक्ति 5.0 के तत्वावधान में महिला सशक्तीकरण हेतु एक जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेल, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच, सहायक प्रभारी दिनेश श्रीवास्तव एवं मिशन शक्ति प्रभारी निधि जैन ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि महिला सशक्तीकरण वह प्रक्रिया है जो महिलाओं को समाज, परिवार और कार्यस्थल में नेतृत्त्व करने, निर्णय लेने और अपनी चुनौतियों का सामना करने के लिये सशक्त बनाती है। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य महिलाओं को अपने जीवन के सभी क्षेत्रों में समान अवसर, अधिकार और नियंत्रण प्रदान करना है। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें, एवं सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक स्तर पर समाज के विकास में समान रूप से योगदान कर सकें। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवायोजना सहायक प्रमुख दिनेश श्रीवास्तव एवं मिशन शक्ति प्रभारी निधि जैन के संयुक्त निर्देशन में ककरूआ गाँव में एक रैली निकाली गयी। जिसमें ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों के संरक्षण एवं सशक्त बनाने हेतु जागरूक किया गया। तथा उनके खिलाफ किसी भी मानसिक व शारीरिक शोषण से मुक्ति के लिये वीमैन हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन 112 नम्बरों की जानकारी से अवगत कराया गया।

कार्यकम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं प्रवक्ता दिनेश श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, डॉ० धनीराम राजपूत रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल. पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

## हर साल धन तेरस पर आयुर्वेद करता है विशेष शिविर आयोजित

# सरकार ने भुलाया,निजी चिकित्सकों ने एक दिन बाद किया धनवंतरी पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश लेकर प्रकट हुए भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद का जनक और स्वास्थ्य का देवता माना जाता है। उनकी पूजा से अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु और रोग-दोषों से मुक्ति की कामना की जाती है। यह दिन आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। ओर इस दिन आयुष विभाग न सिर्फ सामूहिक रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता है बल्कि विशेष स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित करता रहा है जिसके माध्यम से लोगों को आयुर्वेद से रूबरू कराने का प्रयास किया जाता रहा है। लेकिन यह पहला अवसर है जब प्रदेश में धन तेरस पर सरकारी आयोजन नहीं हुआ इस साल से राज्य सरकार ने प्रदेश में धनतरेस पर आयुष विभाग के माध्यम से भगवान धनवंतरी पूजा नहीं कराई। जब यह आयोजन सरकारी स्तर पर आयोजित नहीं किया गया तो निजी चिकित्सकों ने अपने स्तर पर धनतेरस के एक दिन बाद धनवंतरी पूजन किया।

रविवार को पीएमपी एसोसिएशन संगठन शाखा श्योपुर की और से भगवान धनवंतरी का सामूहिक पूजन कर धनवंतरी महापर्व मनाया गया। धनवंतरी महापर्व संस्था अध्यक्ष डॉ. अशोक आचार्य के निवास पर आयोजित हुए इस आयोजन में पूर्व नगरपालिका श्योपुर चिकित्सक डॉ.ओमप्रकाश टक्साली संस्था अध्यक्ष डॉ.अशोक कुमार आचार्य, डॉ. गोपाल आचार्य, डॉ. सत्येंद्र पाठक, डॉ केएन वैष्णव डॉ अशोक कुमार गौड़, डॉ पवन कुमार नागर डॉ श्रीकांत शर्मा, लेखराज सुमन, रमेश चंद पायलट आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. के. एन. वैष्णव ने किया जबकि आभार व्यक्त संस्था अध्यक्ष डॉ अशोक आचार्य ने किया पूजन के बाद जहां वार्षिक आमसभा के माध्यम से आगे की कार्य योजना एवं पिछला हिसाब समझाया गया वहीं हर साल की भांति आगे भी भगवान धनवंतरी का पूजन धनतेरस के दिन ही समारोह पूर्वक बनाएं जाने का निर्णय लिया गया। डॉ.आचार्य ने शीघ्र ही आमसभा बुलाने का आश्वासन दिया।



### आयुर्वेद दिवस में गुम हुई धनवंतरी पूजा

दरअसल सरकार ने अब धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि की पूजा के स्थान पर आयुर्वेद दिवस मनाने का निर्णय लिया है, जिसके चलते हर साल 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है। इस दिन भगवान धनवंतरी का पूजन भी होता है और उनके नाम पर शिविर आयोजित कर लोगों का उपचार और आयुर्वेद से उनका परिचय करा दिया जाता है। इस साल भी यह आयोजन समारोह पूर्वक आयोजित किया गया लेकिन इसका असर धनतेरस पर धन्वंतरी भगवान के होने वाले पूजन पर विपरीत रूप से पढ़ा है। आयुर्वेद दिवस के अवसर पर दोनों आयोजन एक साथ करने से धनतेरस पर होने वाला आयोजन बंद हो गया। इस साल शनिवार को घनतेरस पर यह आयोजन नहीं हुआ, जिसके चलते निजी चिकित्सकों ने यह आयोजन धनतरेस के एक दिन बाद रविवार को मनाया।

### विश्व को आयुर्वेद से रूबरू कराने शुरू हुआ आयोजन

आयुर्वेद से विश्व को रूबरू कराने के उद्देश्य से सरकार ने 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाए जाने की घोषणा की है। जिसके चलते इसी दिन हर साल आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है और जिसका प्रचार प्रचार व्यापक तरीके से किया जा रहा है। कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री और मंत्री भी शामिल होते हैं भगवान धन्वंतरि का पूजन भी सामूहिक रूप से इसी दिन कर लिया जाता है। जिसके चलते इस वर्ष से आयुर्वेद दिवस धन्वंतरि जयंती (धनतेरस) पर मनाए जाने की पारंपरिक प्रथा से हटकर एक निश्चित तिथि 23 सितंबर नियत कर दी गई है। इस साल मुख्य आयोजन गोवा में आयोजित किया गया। धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि की पूजन नहीं होने से निजी चिकित्सक सरकारी स्तर पर होने वाले पूजन का इंतजार करते रहे। फिर उन्होंने एक दिन बाद भगवान धनवंतरी की पूजा की।

### इनका कहना है...

पहले आयुर्वेद दिवस धन्वंतरि जयंती (धनतेरस) पर मनाया जाता था लेकिन अब 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है इसलिए धनवंतरी पूजन भी उसी दिन कर लिया जाता है।

**डॉ जीपी वर्मा**
**जिला आयुष अधिकारी श्योपुर**

धनतेरस का दिन ही भगवान धनवंतरी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान धनवंतरी का पूजन आवश्यक है चिकित्सकों के लिए तो यह दिन सबसे बड़ा माना जाता है हमने संगठन की बैठक आयोजित कर पूजन किया था आगे भी धनतेरस पर इस तरह कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।

**डॉ ओपी टकसाली**
**पीएमपी एसोसिएशन संगठन अध्यक्ष**

## सवाईमाधोपुर से श्योपुर आ रही यात्री बस में राजस्थान के छाण के पास घटी घटना

# लेदर जलने से बस में भरा धुआं, मची अफरा तफरी, बस की खिड़कियों से कूदे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



सवाईमाधोपुर से श्योपुर आने वाली एक यात्री बस में छाण कस्बे (राजस्थान) के पास लेदर जल जाने से धुंआ भर गया जिससे बस में चीख पुकार मच गई यात्रियों को खिड़कियों से भी कूदते देखा गया। हालांकि कुछ मेंटीनेंस के बाद बस को आगे रवाना कर दिया लेकिन इस हादसे ने जहां यात्रियों को भयभीत कर दिया वहीं आरटीओ विभाग द्वारा फिटनेस को लेकर किए जाने वाली लापरवाही भी उजागर हो गई।

बस में सवार एक यात्री महेश कुमार ने बताया कि वह बस में आगे की सीट पर बैठे थे तभी छाण के पास पहुंचने के दौरान बस के भीतर धुआं भरते दिखा। पहले तो सोचा कि कोई बीड़ी पी रहा है लेकिन बाद में जब धुआं अधिक बढ़ता दिखा तो ड्राइवर से बोलकर बस रूकवाई जैसे ही बस रुकी वैसे ही धुआं तेजी के साथ बस के भीतर भर गया इससे बस में बैठे यात्री घबरा गए उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी। गेट में धक्के देखकर यात्री निकले जिससे कुछ लोगों को मामूली चोट भी पहुंची कुछ यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर जान बचाई बाद में स्टाफ ने बताया कि लेदर जल जाने से बस के भीतर धुंआ भरा है। लेदर ठीक करने के बाद बस आगे रवाना हो गई लेकिन यात्री पूरे रास्ते डरे सहमे बैठे रहे। प्रश्न यह उठ रहा है कि जब बस की फिटनेस ठीक नहीं थी तो वह रोड पर चल कैसे रही थी आरटीओ विभाग जगह चेक पॉइंट लगाकर लंबे-लंबे चालान काटने वाहनों को जब्ती करने की कार्रवाई करता रहता है तो फिर यह यात्री खटारा बसें कैसे फिटनेस पास कर सड़क पर दौड़ रही हैं।

# बड़ौदा में बिना लाइसेंस पटाखा बेचता दुकानदार पकड़ा, 6 हजार के पटाखे जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना पुलिस ने एक पटाखा दुकानदार को बिना लाइसेंस के पटाखे बेचते हुए अरेस्ट किया है। पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ न सिर्फ एफआईआर दर्ज कर ली है,बल्कि उसकी दुकान पर रखे सभी पटाखो को जब्त भी कर लिया है। दुकान से जब्त किए गए पटाखों की कीमत 6 हजार रूपए के आसपास बताई गई है।

दरअसल आतिशबाजी की दुकान लगाने वाले दुकानदारों के लिए प्रशासन की ओर से लाइसेंस जारी किए गए है। साथही यह भी निर्देश दिए गए है कि बिना लाइसेंस कोई आतिशबाजी की दुकान न लगाए। प्रशासन के इन निर्देशों के बाद भी जिले में कई जगह बिना लाइसेंस आतिशबाजी की दुकान लगी हुई है। इसी क्रम में शनिवार को बडौदा थाना पुलिस आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण करने के लिए पहुंची। बडौदा थाना पुलिस जब आतिशबाजी दुकानों का निरीक्षण करते हुए रतोदन रोड पर लगी एक आतिशबाजी की दुकान पर पहुंची। जहां दुकान का निरीक्षण करते हुए पुलिस को दुकानदार दिनेश पुत्र रामचंद्र शिवहरे निवासी वार्ड क्रमांक 05 बडौदा आतिशबाजी की दुकान संचालित करने संबंधी लाइसेंस नहीं दिखा सके। इसलिए पुलिस टीम ने उक्त दुकान का संचालन नियम विरूद्ध मानते हुए दुकान पर रखी सारी आतिशबाजी को जब्त कर लिया और दुकानदार दिनेश को लेकर पुलिस टीम थाने आ गई है। जहां दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# नवंबर में जिला अस्पताल का निरीक्षण करने आएगी एनक्यूएएस की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




जिला अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं और संसाधनों का जायजा लेने के लिए एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड) की टीम इस साल फिर से जिला अस्पताल श्योपुर आएगी। बताया जा रहा है कि इस टीम के 6 नवंबर को जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए आने की उम्मीद है, इसलिए अस्पताल प्रबंधन ने इस टीम के आने के मद्देनजर जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं का बेहतर बनाने के प्रयास शुरू कर दिए है।

विशेष बात यह है कि एनक्यूएएस के मानकों पर जिला अस्पताल खरा उतरेगा तो जिला अस्पताल को 20 लाख रूपए की राशि शासन की ओर से इस साल भी प्रदाय की जाएगी। यहां बता दें कि सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए राज्य व केन्द्र सरकार के द्वारा प्रतिस्पर्धा अभियान चलाए जा रहे है। इसी क्रम में राज्य सरकार के द्वारा जहां कायाकल्प अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत हर साल जिला अस्पताल में कायाकल्प की टीम निरीक्षण करने के लिए पहुंचती है और अच्छे अंक मिलने पर शासन की ओर से पुरस्कार भी दिया जाता है। वहीं दूसरी ओर केन्द्र सरकार के द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड अभियान चलाया जा रहा है। यदि कोई जिला अस्पताल केन्द्र सरकार के इस टेस्ट में पास होता है तो उसे शासन की ओर से सुविधाओं को बेहतर करने के लिए अलग से बजट दिया जाता है और श्योपुर जिला अस्पताल एनक्यूएएस का अवार्ड जीत चुका है और इसके तहत जिला अस्पताल को सुविधाएं बढाए जाने के लिए शासन की ओर से अतिरिक्त बजट भी दिया जा रहा है।

### इन बिंदुओं की जाएगी मार्किंग

क्लीनिकल सेवाएं, इन्फ्रास्ट्रक्चर स्टाफ, पेशेंट वेटिंग एरिया, अस्पताल में वेंटिलेशन, प्रति बेड डॉक्टर और नर्स की संख्या, ओटी में तीन अलग-अलग जोन हैं या नहीं, एयर फिल्टर, तापमान, इंफेक्शन कंट्रोल के उपाय, आपरेशन में प्रोटोकॉल का पालन, डॉक्टर व स्टाफ को इन्फेक्शन कंट्रोल के बारे में जानकारी, मरीज को इलाज में कितना समय लगा आदि बिंदुओं पर आंकलन करने के बाद ही मूल्यांकन दल द्वारा अंक दिए जाते हैं।

### इनका कहना है..

एनक्यूएएस की टीम के 6 नवंबर को जिला अस्पताल के दौरे पर आने की संभावना है। यह टीम दो दिन तक जिला अस्पताल का निरीक्षण करेगी। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी है। हमे पूरी उम्मीद है कि जिला अस्पताल एनक्यूएएस के मानक पर खरा उतरेगा।

**डॉ. आरबी गोयल**
**सिविल सर्जन, जिला अस्पताल श्योपुर**

# साहित्य व संस्कृति का मेल होगा मुक्तिबोध का जन्मदिवस समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जिले में साहित्यक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढावा देने के उद्देश्य से दिये गये निर्देशो के क्रम में हिन्दी साहित्य के प्रमुख कवि, आलोचक, निबंधकार, कहानीकार तथा उपन्यासकार गजानन माधव मुक्तिबोध के जन्मदिवस 13 नवंबर के अवसर पर उनके जन्म स्थान श्योपुर में भव्य एवं गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर बौद्धिक एवं साहित्यक कार्यक्रम होंगे तथा रात्रि के समय कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जायेगा। इसी क्रम में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ0 हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्व विद्यालय सागर के हिन्दी एवं संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. आशीष द्विवेद्वी, जयंत तोमर एवं रामवरन शर्मा होंगे।

### विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह होगे मुख्य अतिथि

अपर कलेक्टर रूपेश कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को आंमत्रित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेतु नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला आमंत्रित हैं एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में गजानन मुक्तिबोध जी की कविताओं की संगीतमय प्रस्तुति भी की जावेगी।

## समाजसेवियों ने आदिवासियों के बीच पहुंच मनाई दिवाली, दिए उपहार

# सब एक साथ मनाएं पर्व, तब ही है तीज़ त्योहार मनाने का मज़ा: पाराशर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



तीज़ त्योहार मनाने का मज़ा तभी अच्छे से आता है जब सब मिलकर उसे एक साथ मनाएं। अगर कोई वर्ग गरीबी या अन्य कारणों से तीज त्यौहार मनाने में असमर्थ रहता है तो फिर तीज़ त्यौहार की खुशियां निरर्थक ही हैं। यह बात समाज सेवी कैलाश पाराशर ने कराहल विकासखंड के कपिला गांव में आदिवासी बच्चों को दीपावली गिफ्ट वितरण करते हुए कही।

समाजसेवी कैलाश पाराशर और उनकी टीम हर साल दीपावली से पहले ऐसे गांव में पहुंचकर आदिवासियों के साथ दीपावली का उल्लास मानती है जो गरीबी के कारण त्यौहार का उल्लास मनाने में असमर्थ रहते हैं। इस बार स्वयंसेवी कराहल विकासखंड के कपिला गांव पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने आदिवासियों को पहनने के लिए गर्म कपड़े दिए क्योंकि अब सर्दी आने वाली है और इसकी सबसे अधिक जरूरत इन्हीं लोगों को है। जो बिना कपड़ों के भी जंगलों में रहने को मजबूर है साथ ही मिठाई पटाखे खिलौने भी बच्चों को उपहार में दिए और उन्हे नशे से दूर रहने की समझाइश दी।

## शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षा के लिए प्रस्तावित किए 35 परीक्षा केंद्र

# ढोढर के परीक्षा केंद्र को लेकर आई आपत्ति डीईओ ने समिति को परीक्षण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




जिले के शिक्षा विभाग ने कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए 35 परीक्षा केन्द्र प्रस्तावित कर दिए है। परीक्षा केन्द्रो को प्रस्तावित किए जाने के साथही शिक्षा विभाग ने तीन दिवस सभी परीक्षा केन्द्रों को लेकर दावे आपत्तियां भी मांगी गई।

दावे आपत्ति लिए जाने की समयावधि गुजर गई है और इस समयावधि के दौरान ढोढर के जगदंबा स्कूल को परीक्षा केन्द्र क्यों न बनाए जाने को लेकर आपत्ति आई है। जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने इस आपत्ति के बाद बोर्ड परीक्षा केन्द्र निर्धारित समिति को एक बार फिर से ढोढर पहुंचकर तीन दिन में स्कूल का परीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। दावे आपत्ति का निराकरण होने के बाद शिक्षा विभाग प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की सूची को स्वीकृति के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से माशिमं को भेज देगा। दरअसल इस बार शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षा के लिए जो 35 परीक्षा केन्द्र प्रस्तावित किए गए है,उसमें काफी समय से परीक्षा केन्द्र बनते आए ढोढर के जगदंबा स्कूल को परीक्षा केन्द्र न बनाते हुए ढोढर के न्यू गुड सेफर्ड इंग्लिश स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाए जाने के लिए प्रस्तावित किया है। शिक्षा विभाग के पास इस परीक्षा केन्द्र को लेकर दावे आपत्तियां जनप्रतिनिधियों सहित अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन की ओर से दर्ज कराई गई है। दावे आपत्ति में कहा गया है कि स्कूल की व्यवस्थाएं पहले से बेहतर हो गई है। 200 परीक्षार्थियों को बैठने के लिए फर्नीचर की उपलब्धता हो गई है,स्कूल में नए कक्ष भी बनवा दिए गए है,इसके बाद भी जगदंबा स्कूल को परीक्षा केन्द्र क्यों नहीं बनाया जा रहा है। जिसकारण आसपास के स्कूलों के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में बैठने के दौरान खासी असुविधाएं होगी। इस आपत्ति के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने उक्त स्कूल को फिर से परीक्षण किए जाने के निर्देश जारी कर दिए है।

### 10 वीं में 6701 तो 12 वीं की परीक्षा में शामिल होगे 4678 परीक्षार्थी

इस बार आयोजित होने वाली कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में जहां 6701 परीक्षार्थी शामिल होगे। वहीं कक्षा 12 वी की बोर्ड परीक्षा में 4678 परीक्षार्थी भागीदारी करेगे। बताया गया है कि कक्षा 10 वीं की परीक्षा में जो 4678 परीक्षार्थी शामिल होगे,उनमें 6212 नियमित, 489 परीक्षार्थी प्रायवेट शामिल रहेगे।जबकि कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में 4325 नियमित तथा 353 प्रायवेट परीक्षार्थी शामिल होगे।

### बोर्ड परीक्षा केंद्र के लिए ये स्कूल किए प्रस्तावित

जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग के मुताबिक बोर्ड परीक्षा के लिए जो 35 परीक्षा केन्द्र प्रस्तावित किए गए है, उनमें शासकीय कन्या उमावि श्योपुर,सरस्वती विद्या मंदिर श्योपुर, शाउमावि ढोढर, शाउमावि मानपुर, शामावि दांतरदा, शाउमावि बडौदा, राजीव गांधी स्कूल बडौदा, उत्कृष्ट स्कूल कराहल, मॉडल स्कूल कराहल, शामावि बरगवां, शामावि सेसईपुरा, शामावि आवदा, शाउमावि आवदा, शासकीय कन्या उमावि विजयपुर, शाउमावि बीरपुर, शामावि अगरा,उत्कृष्ट स्कूल विजयपुर, मॉडल स्कूल श्योपुर, अल्फा इंग्लिश स्कूल श्योपुर, शासकीय हाईस्कूल गसवानी, कन्या शिक्षा परिसर ढेंगदा, शामावि सोंईकलां, शामावि प्रेमसर, शासकीय हाईस्कूल जैनी, शामावि पहेला, शामावि श्यामपुर, शासकीय हाईस्कूल ननावद, सरस्वती ज्ञान मंदिर बडौदा, श्रीलीलाधर आदर्श विद्या मंदिर बीरपुर, श्री सिद्धी विनायक डीएलएड कॉलेज गसवानी, न्यू गुडसेफर्ड इंग्लिश स्कूल ढोढर, शामावि इकलौद, अंबिका स्कूल इकलौद, उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर, मॉडल स्कूल विजयपुर शामिल है।

### एक आपत्ति आई

ढोढर के जगदंबा स्कूल को लेकर आपत्ति आई है। इस आपत्ति का निराकरण करते हुए बोर्ड परीक्षा केन्द्र परीक्षण समिति को तीन दिन में फिर से परीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जारी कर दिए है।

**एमएल गर्ग**
**डीईओ,श्योपुर**

# आत्मनिर्भर भारत के भाव को सशक्त करने करें खरीदारी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगामी त्योहारों के संबंध में रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से सांसद, विधायक, सहित सभी जिलों के कलेक्टर-एसपी नगरीय निकायों के पदाधिकारी और अधिकारियों को वीसी के माध्यम से संबोधित किया। सीएम की त्यौहार पर हुई चर्चा के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा ने भी लोगों से त्यौहार पर स्वदेशी अपना कर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार करने की अपील की।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि स्वदेशी दीपावली मनाते हुए आत्मनिर्भर भारत के भाव को सशक्त करने के उद्देश्य से त्यौहारों में स्वदेशी वस्तुओं के क्रय विक्रय को प्रोत्साहित किया जाए। आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी उत्सव के कार्यक्रम आगामी 25 दिसंबर तक जारी रहेंगे। आत्मनिर्भर भारत/जीएसटी उत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वदेशी वस्तुओं के प्रदर्शन एवं क्रय-विक्रय को बढ़ावा दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सामाजिक समरसता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सामाजिक चेतनाशील प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। और सामाजिक समरसता की दिशा में सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि दिवाली पर्व हम सबके लिए है। इसलिए इसे सब मिलकर मनाएं। इस दिन वृद्धाश्रम, गरीब बस्तियों और अनाथ आश्रम जाकर उनके साथ दिवाली मनाएं।

### भव्यता के साथ मनाया जाएगा मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस

श्योपुर। मध्यप्रदेश शासन की मंशानुसार श्योपुर जिले में मध्यप्रदेश के 70वे स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 1 से 3 नवंबर 2025 तक किया जायेगा। इस संबंध में सीईओ जिला पचांयत सौम्या आनंद द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग को समारोह का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस समारोह के लिए संस्कृति विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किये गये है, जिला स्तरीय समारोह में सांस्कृतिक गतिविधियां, प्रदर्शनी एवं स्कूल, कॉलोजो में निबंध, वाद-विवाद, चित्रकलां, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जिले में उत्कृष्ट कार्यो की प्रदर्शनी लगेगी, साथ ही एक जिला एक उत्पाद का प्रदर्शन भी किया जायेगा। जिला मुख्यालयों पर स्थित सभी शासकीय भवनों पर प्रकाश की व्यवस्था की जायेगी। स्थापना दिवस को पूरी भव्यता एवं समारोहपूर्वक मनाने हेतु तैयारियां प्रारंभ की जा रही है। समारोह में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों, छात्र-छात्राओं, एवं शहीद सैनिकों के परिवारों आदि की विशेष तौर पर भागीदारी होगी।

खबर संक्षेप

## 1 नवंबर को निकेलगी भव्य प्रभातफेरी

**अशोकनगर।** 1 नबंवर को देवप्रबोधनी एकादशी को अशोकनगर में अक्षरपीठ द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगल प्रभातफेरी का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर अक्षरपीठ द्वारा तैयारियां प्रारम्भ कर दी गयी है। आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओ की एक वर्चुअल बैठक शुक्रवार रात्रि आयोजित की गई जिसमें प्रचार प्रसार,वाद्य यंत्र वादक, मार्ग व्यवस्थापक आदि के सम्बन्ध में चर्चा कर व्यवस्थाएं के बारे में विस्तार से चर्चा की। गौरतलब है कि धार्मिक संस्था अक्षरपीठ पं. कैलाशपति के नेतृत्व में पिछले 34 बर्षो से यह आयोजन कर रही है,जो अब भव्य रूप ले चुका है। जिसमे नगर के अलावा आसपास के श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में सम्मिलित होते हैं, देवोत्थान एकादशी पर अशोक नगर की भोर वृंदावन व अयोध्या जैसी दिखाई पड़ती है। घर घर रंगोली, दीपमालिकाएँ सजाई जाती है, कार्तिक व्रती माताएं बहिनें दीपक कलश लेकर मंगल प्रभातफेरी में सम्मिलित होकर श्रीराम जय राम जय जय राम नाम संकीर्तन करती हुई पूरे वातावरण को दिव्यता प्रदान करती हैं।

## कुए में अज्ञात युवक का शव मिला

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम मढ़ी हवेली में शनिवार को सुबह एक युवक की लाश खेत में बने कुए के पानी में होना पाई गई है। पानी में शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान के प्रयास किए गए। किन्तु उसकी पहचान नहीं हो पाई है। युवक की उम्र लगभग 30 वर्ष होना बताई गई है।

### पूरे दिन खरीदारी होती रही, सराफा व्यापारियों के यहां भी ग्राहकी रही

# धन तेरस का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया, शहर में बर्तन खूब खनके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

शहर में धनतेरस के पर्व के साथ 5 दिवसीय दीपावली का पर्व प्रारंभ हो गया है। दीपावली के इस त्यौहार पर धन तेरस के दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा की गई। इस मौके पर धन के देवता कुबेर की भी पूजा की गई। धन तेरस का दिन धन त्रयोदसी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोगों बर्तनों की खरीददारी की और सराफा बाजार की दुकानों पर भी लोगों ने अपने पसंद के आभूषण खरीदे। इस दौरान शहर में बर्तन खूब खनकते हुए देखे गए।

भगवान धन्वंतरि की पूजा इसलिए की जाती है कि वह आर्युवेद के जनक है और देवताओं के वैध हैं वहीं दूसरी ओर मान्यता है कि इस दिन माता लक्ष्मी पृथ्वी पर आती हैं और अपने भक्तों को धन धान्य से भर देती हैं। इसीलिए लोग धनतेरस के दिन सोना-चांदी बर्तन और नई चीजों की खरीददारी करते हैं जिसे शुभ माना जाता है। माता लक्ष्मी और कुवेर देव की आराधना से घर में समृद्धि का वास होता है। धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि देवी लक्ष्मी और कुबेर देव की पूजा की गई। इसी दिन से दीपावली पर्व की शुरूआत हो गई है। घर-घर दीप मालाए सजाई गईं हैं। अनेक घरों पर रोशनी की गई है।





### सभी प्रकार की सामग्री की दुकानों पर पूरे दिन चहल पहल रही

दीपावली के इस पर्व पर पीतल या तांबे के बर्तन अथवा इलेक्ट्रोनिक सामान, वाहन या फिर सोने-चांदी के आभूषण खरीदने की परम्परा है। अनेक लोगों को धन तेरस के दिन शहर में शुभ मुर्हुत में खरीददारी करते हुए देखा गया। इस बार सोने चांदी के दाम आसमान पर हैं अभी तक दीपावली पर होने वाली पूजा को लेकर चांदी का सिक्का खरीदने पहुंचते थे। लेकिन इस बार चांदी के दाम आसमान पर हैं यहीं स्थिति सोने की है। महंगे दाम होने के कारण अनेक लोगों को सराफा बाजार की दुकान में जाते हुए तो देखा गया लेकिन खरीददारी उन लोगों ने की जिन्होंने हमेशा से परम्परा बना रखी है। हालांकि सराफा व्यापारियों ने अपनी दुकानों को खूब सजाया था और धन तेरस के दिन अच्छा व्यापार निकलने की उम्मीद भी जताई थी। जिसका असर कम देखा गया। शहर में इलेक्ट्रोनिक्स की दुकानें भी खूब सजी देखी गईं। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर सामान को सजाकर रखा था उन्होंने व्यापार की अच्छी उम्मीद जताई थी इन दुकानों पर लोगों की भीड देखी गई।

### स्टील के बर्तन अधिक पसंद किए गए

शहर में बर्तन बाजार की बात करें तो सबसे अधिक भीड़ धन तेरस के दिन इन दुकानों पर ही रही। छोटे से छोटे और बड़े से बड़े परिवार सामुहिक रूप से बर्तनों की खरीददारी करने पहुंचे। पीतल और ताम्बे के बर्तन तो खरीदे ही गए साथ में स्टील के बर्तनो को लेकर लोगों को रूझान अधिक नजर आया। मध्यम और निचले तपके के लोग पूरे वर्ष भर में बर्तन की खरीदी के लिए धन तेरस के दिन का इंतजार करते हैं। यह परिवार धन तेरस पर बर्तनों की खरीदी करने के लिए पहुंचे। बर्तन बाजार में हर वर्ष नए डिजाईन के बर्तन दिखाई देते हैं। इस बार भी इस तरह के बर्तन बाजार में नजर आए जो ग्राहकों को अपनी ओर आर्कषित करते रहे। शहर भर में अगर बर्तन की दुकानों की बात करे तो लगभग आधा सैकड़ा दुकानों पर बर्तनों की बिक्री होती देखी गई। जिले भर में बर्तनों की बिक्री का कारोबार खूब रहा। यह बर्तन बाजार खरीददारी के लिए पुष्य नक्षत्र से लेकर दीपावली तक खरीददारी का केन्द्र बना रहता है। शहर में करोड़ो का कारोबार इस बर्तन बाजार में होते हुए देखा गया। सुबह के 9 बजे से रात 12 बजे तक लोग बरतने खरीदने पहुंचे। बाजार में स्टील के बर्तन अलग अलग किस्म के मिलते हुए देखे गए। हल्के वजन के साथ भारी वजन के बर्तन भी नजर आए।

### बाइक और अन्य वाहन भी खूब बिके

दीपावली के इस पर्व पर धनतेरस से लेकर दीपावली तक बड़ा कारोबार होता है। धनतेरस का दिन शुभ माना जाता है इसीलिए लोगों ने अपनी पंसद की बाईक, स्कूटी, कार, ट्रेक्टर की खरीददारी की। सभी शोरूमों पर लोगों की भीड़ देखी गई लोग अपनी पंसद के वाहन खरीदते हुए नजर आए। भले ही किसानों की फसल अभी न आ पाई हो लेकिन उसके बाद भी किसान बाजार में खरीदी के लिए पहुंचे। शहर के मोबाईल बिक्रेताओं के यहां भी मोबाइल की खरीदी होती देखी गई। इन दुकानदारों ने अच्छी ब्रिकी को लेकर मोबाइल का स्टॉक करके रखा। शहर में एक सैकडा दुकानों पर मोबाइलों की बिक्री होती देखी गई।

## प्रेस यूनिटी दिनारा ने क्षेत्र वासियों को दी दीपावली पर्व की शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दिनारा

दिनारा में दीपावली पर्व की खुशियों के बीच दिनारा प्रेस यूनिटी ने क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दी। दिनारा प्रेस यूनिटी ने शुभकामना संदेश में कहा कि यह पर्व नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नई सफलताओं का संदेश लेकर आता है। दीपक की उजास की तरह हर घर में खुशहाली, आनंद और शांति का संचार हो तथा दिनारा क्षेत्र और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की कि दीपावली उत्सव को सुरक्षित, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल ढंग से मनाएं। उन्होंने कहा कि नागरिक खतरनाक पटाखों का प्रयोग न करें, बच्चों पर विशेष निगरानी रखें और स्वच्छता बनाए रखें ताकि पर्व की पवित्रता और आनंद अक्षुण्ण रहे। दिनारा प्रेस यूनिटी के सभी प्रमुख सदस्यों में अनुराग द्विवेदी, उपेंद्र तिवारी (पन्नूमहाराज) नितिन यादव, विनोद यादव, रणवीर यादव, मनीष खटीक, पुष्पेंद्र प्रजापति, रवि गौतम, जीतू पंडित, दीपक परिहार राघवेंद्र यादव, विकास, राजा की ओर से दीपावली की समस्त क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दी गईं।

## लायंस क्लब द्वारा दीपावली पर वस्त्र वितरण कर खुशियां बांटीं गई



**अशोकनगर।** दीपावली के पावन अवसर पर लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा ग्राम शहवाजपुर पहुँचकर वहाँ के आदिवासी भाइयों-बहनों, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के बीच वस्त्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 150 वस्त्रों का वितरण किया गया।साथ ही, दीपावली की खुशियाँ साझा करने हेतु दीपक जलाए गए और बच्चों के लिए बिस्किट व टोपी भी वितरित की गईं।इस अवसर पर हरी सिंह रघुवंशी ने कहा कि दीपावली सिर्फ अपने घर को रोशन करने का नहीं, बल्कि किसी और के जीवन में भी उजाला फैलाने का पर्व है। वहीं दीपक अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा लायंस क्लब सदैव समाज के वंचित वर्गों तक सेवा की रोशनी पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष अभिजीत जैन, सचिव विकास रघुवंशी,केपी रघुवंशी सुयोग जैन के सदस्यगण उपस्थित रहे और सबने मिलकर ग्रामीणों के बीच प्रेम, अपनापन और खुशियाँ बाँटीं।

### मोबाइलों की कीमत सात लाख रुपए

## एसपी ने जिलेवासियों के गुम हुए 70 मोबाइलों को सर्च कर उन्हें मालिकों को लौटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर



दीपावली के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर की विशेष पहल पर सायबर सेल अशोकनगर द्वारा जिलेवासियो के गुम हुये 70 मोबाईलों को सर्च कर धनतेरस का विशेष उपहार दिया है। सर्च हुये 70 मोबाईलों की कुल कीमत लगभग 07 लाख रुपये ऑकी गई है।

वर्तमान समय में आमजन गुम हुये मोबाईलों की शिकायत अपने थाने में ही कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा आमजन के गुम हुये मोबाईलों को सर्च कर उनके मालिकों को वापिस करने के निर्देश सायबर सेल अशोकनगर एव सभी थाना प्रभारियों को दिये गये थे। इसी क्रम में सायबर सेल अशोकनगर एवं सभी थानों के संयुक्त प्रयास से जिले के नागरिकों के गुम हुये 70 मोबाईलों को सर्च किया जाकर अशोकनगर के साथ-साथ अन्य जिलों एवं राज्यों से प्राप्त किये गये, उक्त मोबाईलों को शनिवार के दिन पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर धनतेरस का विशेष उपहार प्रदान किया गया। वर्तमान में गुम हुये मोबाईल सर्च की सुविधा सभी थानों पर उपलब्ध करा दी गई है, आप अपने गुम हुये मोबाईलों की शिकायत अपने थाने में ही कर सकते हैं, इसके लिये आपको पुलिस अधीक्षक कार्यालय सायबर सेल में आने की आवश्यकता नहीं है, गुम मोबाईल की शिकायत के लिये आपको एक आवेदन पत्र, आधार कार्ड एवं मोबाईल के बिल के साथ संबंधित थाने मे मोबाईल गुम की शिकायत करनी होगी। गुम मोबाईल की शिकायत आमजन भी साईट के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा उक्त कार्यवाही हेतु सायबर सेल और थाने की टीम को पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई है साथ उक्त कार्यवाही को आगे भी जारी रखने की निर्देश भी दिये गये है।



## आदिवासियों के बीच पंचायत सचिव संगठन ने दीपावली मनाई

**अशोकनगर।** पंचायत सचिव संगठन द्वारा ग्राम पचांयत बमौरा फूट में दीवाली के पर्व पर आदिवासियों के बीच पहुंचकर खुशियों की टोकरी प्रदान की गई। इस टोकरी में आदिवासी परिवारों को कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप खुशियों की टोकरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जन मन परिवारों को बच्चों को मिठाई पटाखे ओर महिलाओं को साड़ी एवं किचिन का सामन जैसे तेल आटा,शक्कर, नमक, पूजन सामग्री, दीपक रूई, फटाके खिला, मूरमूरा , मोमबत्ती,, पुरुषों को साफ़ी तोलिया , आदि सामग्री दी गई। आदिवासी परिवार ख़ुशी के साथ इस दिवाली के पावन त्योंहार को मना सके। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन जनपद पंचायत सीईओ शैलेंद्र यादव जनपद पंचायत पीआई भीम सिंह, पंचायत सचिव संगठन के जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह यादव जिला संयोजक हरिशंकर शर्मा प्रदेश संगठन मंत्री जगदीश अवस्थी संभाग प्रवक्ता हितेंद्र सिंह रघुवंशी जिला उपाध्यक्ष जगभान सिंह यादव, राममूर्ति शर्मा, पीतम रघुवंशी, पूरे आदिवासी जन मन परिवारों के सदस्य,आदि उपस्थित रहे।

## कोतवाली में पदस्थ सब इंस्पेक्टर खरगोन की होटल में फांसी के फंदे पर लटके मिले

**अशोकनगर।** शहर की सिटी कोतवाली में पदस्थ सब इंस्पेक्टर अक्षय कुशवाह खरगोन की गोपाल होटल में फांसी के फंदे पर लटके मिले हैं। वह अशोकनगर से 17 अक्टूबर को वारंटी को पकड़ने के लिए इन्दौर गए थे। उनके साथ एक आरक्षक दीपक रावत भी गया था वह वापिस लौट आया था। उन्होंने एक दिन बाद आने को कहा था।



सिटी कोतवाली के टीआई आरपीएस चैहान ने बताया कि अक्षय कुशवाह 17 अक्टूबर की रात को अशोकनगर से एक आरक्षक के साथ वारंटी की तलाश में इन्दौर गए थे। वहां से उनके साथ जो आरक्षक गया था वह वापिस लौट आया था। वह वारंटी की तलाश को लेकर खरगोन की एक गोपाल होटल मे रूक गए थे। उन्होंने आरक्षक को यह कहा था कि वह रात को वापिस लौट आएगें। जिस होटल में वह रूके थे वहां उन्होंने रात को कमरा लिया था। 18 अक्टूबर की दोपहर 12:30 बजे तक कोई हलचल नहीं हुई तब होटल के मैनेजर द्वारा खरगोन की पुलिस को अवगत कराया गया। वहां वह कमरे के पंखे से फांसी लगाकर लटकी हुई अवस्था में मिले। उन्होने बताया कि वह पूर्व में कचनार जिला अशोकनगर में थाना प्रभारी रह चुके हैं और देहात थाने में उनके साथ 1 साल तक पदस्थ रहे हैं। कोतवाली में पिछले चार माह से पदस्थ थे। अक्षय कुशवाह गुना के रहने वाले थे और अविवाहित थे।

घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि उक्त मामले में जो जानकारी आई है वह अशोकनगर कोतवाली से 17 अक्टूबर को रवानगी देकर वारंटी की तलाश में गए थे। खरगोन की पुलिस पूरे मामले में जांच पड़ताल कर रही है। गुना से उनके परिवारजन खरगोन पहुंच गए हैं। घटना के बारे में खरगोन की पुलिस ने बताया कि वह यहां गोपाल होटल में रात्रि में कमरा नम्बर 202 में रूके थे। 18 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे तक जब कमरे से कोई जानकारी नहीं आई तब होटल के मैनेजर द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई वहां से अमला जब होटल में पहुंचा और कमरा खुलवाया गया तब कमरे के अन्दर एक युवक का शव फांसी पर लटका हुआ था जिसकी पहचान अक्षय कुशवाह के रूप में की गई है। खरगोन पुलिस द्वारा अशोकनगर कोतवाली को सूचना भेजी गई। मृतक के परिवारजनों का इंतजार किया जा रहा है।

### वोकल फॉर लोकल

## स्थानीय कुम्हारों से मिट्टी के दीपक खरीदने नगर पालिका अध्यक्ष पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया द्वारा शनिवार वोकल फोर लोकल आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत स्थानीय कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीपक खरीदे। इस अवसर पर उन्होंने नगर के नागरिकों से अपील की है कि 6 दिवसीय दीपावली पर्व पर सभी लोग स्थानीय कारीगरों एवं छोटे व्यापारियों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीपक ही खरीदें। जिससे स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिले और कुम्हार समाज को प्रोत्साहन प्राप्त हो। अध्यक्ष ने कहा कि दीपावली के पर्व पर जब हम लोकल उत्पादों को प्राथमिकता देंगे, तभी छोटे व्यापारियों और कारीगरों के घरों में भी सच्चे अर्थों में दीपावली का प्रकाश पहुँचेगा। इस बार दीपावली को स्वदेशी भावना के साथ मनाएँ। इस अवसर पर पार्षद विपिन तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि सतपाल लोधी, गोपाल ओझा, निक्की दुआ, बाबा शिवहरे, शिव शर्मा, आनंद सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संदिग्ध अवस्था में मौत

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत परमाल पुत्र हल्केराम अहिरवार उम्र 25 साल की संदिग्ध अवस्था मे मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी कल्ला अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कृष्णा और हेमराज अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा कॉलोनी अशोकनगर निवासी अजयप्रताप रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीलम, लल्लीराम, दीनू और मोहरसिंह जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्राणपुर निवासी बृजेश अरिहवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अरविंद और जगदीश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अरविंद अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बृजेश अरिहवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी गौरीशंकर कौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नंदू कौली ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भीलरी निवासी गब्बर सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगत सिंह और राजकुमार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### लक्ष्मी माता की तस्वीर भी लोगों ने खूब खरीदी

# गांधी चौक पर रही भीड़, दीपक-माला की खरीदी की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

धन तेरस की खरीदी के लिए निकले हुए लोगों ने दीपावली के त्यौहार को लेकर शहर के गांधी चैक पर अपनी पंसद की सामग्री खरीदी। इस दौरान मिटटी से बने दिए, मोमवत्ती, गुजरिया, लक्ष्मी माता की तस्वीर और माला खरीदते हुए लोगों को देखा गया। इस दौरान गोर्वधन पूजा के दिन गायों को पूजा जाता है। उनकी सामग्री भी लोग खरीदते हुए नजर आए।

दीपावली का यह पर्व भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है जिसे हर वर्ग के लोगों द्वारा मनाया जाता है। दीपावली सिर्फ धन संपदा का त्योहार नही है यह अंधेरे से लड़ने की आंकाक्षा और कुरूति पर रीति नीति का महापर्व है। यह प्रकाश पुंज का पर्व है कहते हैं कि भगवान श्री राम ने लंका पर विजय प्राप्त करके जब अयोध्या वापिस लौटे थे तब उनका राज तिलक किया गया था। इसी उपलक्ष्य में यह दीपावली का पर्व मनाया जाता है। कहते हैं कि समुद्र मंथन के दौरान जो 14 रत्न प्राप्त हुए थे उसमें सर्वश्रेष्ठ रत्न के रूप में लक्ष्मी का अवतरण हुआ था। इसी दिन जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर को निर्वाण की प्राप्ति हुई थी। इसी दिन गुरू अर्जुनदेव ने स्वर्ण मंदिर की स्थापना की थी। इस दिन स्वामी रामतीर्थ का जन्म हुआ था और महर्षि दयानंद सरस्वती को निर्वाण की प्राप्ति हुई थी।





### मिठाई के दुकान के साथ कंपनी पैक आइटम भी लोगों की पसंद रहे

शहर में मिठाई विक्रेताओं की दुकानों पर भी लोगो को अपनी पसंद की मिठाइयां खरीदते हुए देखा गया। बाजार में एक ओर मावे से बनी मिठाइयां नजर आईं तो दूसरी ओर कंपनियों के पैक आईटम पर भी लोगों को विशेष रूप में खरीद करते हुए देखा गया। इसके अलावा ड्रायफूट की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ रही। जबसे मिठाई में मिलावट होने की खबरे सामने आई है तब से लोगों ने अपना मन कंपनियों के पैक आइटमों की ओर बना लिया है। अनेक संस्थाओं, कंपनियों और ऐसे संस्थान जहां 50 से अधिक लोग काम करते हैं उन्हें सीधे कंपनी के पैक खरीदते हुए देखा गया। शहर का पटाखा बाजार भी 3 दिनों तक खूब चलता है यहां पर लोग अपने पसंद के पटाखे खरीदते हुए देखे गए। एक समय था जब बडी संख्या में लोग लेकिन धीरे धीरे इसका प्रचलन कम होता जा रहा है।

### मिटटी के दीपक खूब पसंद किए गए

दीपावली के इस पर्व पर 20 अक्टूबर को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। शुभ महुत में धन की देवी लक्ष्मी माता की पूजा की जाएगी। इस महापर्व को लेकर शहर के लोगों को अपनी जरूरत की सामग्री खरीदते हुए देखा गया। इस बार मिटटी के दिए भी बाजार में हैं बाहर से आने वाले दिए भी हैं जिन्हे लोगों द्वारा खरीदते हुए देखा गया। शहर में लोगों ने फूल मालाए भी खरीदीं और तोरन द्वार भी खरीदे। दीपावली के दिन अपने घरों पर यह मालाएं द्वार पर बांधी जाती हैं। इसी दौरान लोगों को मिटटी से बनी गुजरिया भी खरीदते हुए देखा गया। दीपावली के इस त्यौहार पर लक्ष्मी माता के पाना और तस्वीर भी बिकती हुई नजर आईं। शहर में किराने की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ देखी गई। घर घर में पकवान दीपावली पर बनते हुए नजर आए।